Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to grant central assistance to complete Krishna-Marathwada Irrigation Project 2004.

श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद): मराठवाड़ा सूखाग्रस्त रहने के कारण उस्मानाबाद में हर साल पानी की समस्या पैदा हो जाती है, किसान काफी परेशान रहते हैं । मराठवाड़ा का महत्वकांक्षी कृष्णा-मराठवाड़ा उपसाह सिंचाई योजना वर्ष 2004 से लंबित है । इस योजना के निर्माण से 92,141 हेक्टेयर क्षेत्र जमीन सिंचित हो सकती है । इस योजना में उस्मानाबाद जिले को दो स्वतंत्र उप-सिंचन योजनाओं द्वारा 19 टीएमसी पानी मिलना नियोजित है और बीड जिले को 2 टीएमसी, ऐसे कुल मिलाकर 21 टीएमसी पानी मराठवाड़ा को मिलना प्रस्तावित है । योजना को शुरू करना बहुत ही जरूरी है । इस योजना के पूरे निर्माण के लिए अधिक केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता है ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि जनमानस एवं किसानों की रक्षा के लिए इस परियोजना के लिए आवश्यक केन्द्रीय सहायता जारी कर इसको तुरंत पूरा करे, जिससे यहां की क्षेत्रीय जनता तथा किसानों को इसका लाभ मिल सके ।

16.25 hrs

DISCUSSION UNDER RULE 193